दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

# एक लाख रुपए के लिए आज भिड़ेंगे एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन

**विजेता टीम को मिलेगा एक लाख का इनाम और उपविजेता को 51 हजार रुपए का पुरस्कार**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (28 Feb):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मैच एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन के बीच पहली मार्च को खेला जाएगा. विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा. मैन आफ द सीरीज को 5100 रुपये और फाइनल में मैन आफ द मैच बनने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपये का नकद इनाम मिलेगा. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस बार मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की 12 टीमें शामिल हुई. टूर्नामेंट में तीन दर्जन से ज्यादा बोर्ड प्लेयर्स भी खेले.



विनर्स को दिया गया पुरस्कार.

## टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके हैं

उन्होंने बताया कि आइके कलेक्शन एवजी कैंट बरेली की ओर से सबसे ज्यादा बोर्ड प्लेयर्स इस टूर्नामेंट में खेले. इसमें विपिन ढाका रणजी ट्राफी, विजय हजारे, अरुणाचल प्रदेश, वीजेडजेडवाई ट्राफी, सैयद मुश्ताक ट्राफी जैसे टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके हैं. इसी टीम में दिव्यांश राजपूत, यशु प्रधान, इंजिमाम हुसैन, कार्तिक यादव, पृथ्वीराज सिंह चौहान, मोहम्मद शिबली, प्रथम खत्तूजा, अरबाज और अनिवेश अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-19 में यूपी और यूपीपीएल से खेल चुके हैं. आइके कलेक्शन बरेली की टीम में नयंक मिश्रा अंडर-23, रणजी ट्राफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक ट्राफी, पारस राज, शिवम कुमार राठी, पर्व सिंह, अंशु बाजवा भी राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में खेल चुके हैं. इसी तरह अन्य टीमों में भी कई खिलाड़ी बोर्ड टूर्नामेंट में खेले हैं.

## रुपए प्रदान किए जाएंगे

बरेली: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन अपने समापन पर है. इसका फाइनल मैच पहली मार्च को खेला जाएगा. इसमें खिताब के लिए एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन में होगा मुकाबला होगा. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी.